# पाठ 9. लालू और पीलू

## पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चें को रंगों से परिचित कराना तथा बड़ों का कहना मानने की सीख देना है। इसके अलावा बच्चों को वस्तुओं की पहचान करना सिखाया है तथा उन्हें एक-दूसरे की मदद करने की शिक्षा दी गई है।

## पाठ का सारांश

मुर्गी के दो बच्चे लालू और पीलू थे। लालू को लाल चीज़ें खाना पसंद था और पीलू को पीली चीज़ें खाना अच्छा लगता था। एक दिन लालू ने लाल मिर्च खा ली जिससे उसकी जीभ जलने लगी। वह रोता हुआ माँ के पास गया। उसके भाई पीलू ने उसे गुड़ का टुकड़ा दिया। उसे खाते ही उसके मुँह की जलन ठीक हो गई। उसकी माँ ने उन्हें बताया कि बिना सोचे-समझे कोई चीज़ नहीं खानी चाहिए।

## अध्यापन संकेत

पाठ वाचन से पूर्व बच्चों को भिन्न-भिन्न चीज़ों के विभिन्न रंगों के बारे में बताएँ। उन्हें पाठ का वाचन करवाएँ। बीच-बीच में पाठ संबंधी छोटे-छोटे प्रश्न पूछें। बच्चों को बताएँ गुड़ खाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

बच्चों से पूछें–

- ❖ उन्हें कौन-सा रंग पसंद है?
- ❖ उन्हें क्या-क्या खाना अच्छा लगता है?
- ❖ यदि आप पीलू की जगह होते तो लालू को क्या खाने को देते?
- ❖ क्या आप अपने बड़ों का कहना मानते हो?
- ❖ पाठ का अभ्यास करवाएँ।